




# सीएम हेमंत ने दी सांत्वना कहा-होगा वाजिब प्रयास

**आवासीय और डे बोर्डिंग सेंटर्स के कोचों के नियमितीकरण की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के आवासीय खेल केंद्रों और डे बोर्डिंग सेंटरों में अरसे से काम कर रहे खेल प्रशिक्षकों ने सोमवार को सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की। उन्हें एक ज्ञापन सौंपते हुए उनसे अपनी सेवा का स्थायीकरण करने की मांग की। इस दौरान सीएम ने उनसे कहा कि जल्द ही वे एक बार फिर उन सभी कोचों के साथ बैठेंगे। उनकी जायज मांगों को पूरा करेंगे। इस दौरान अलग-अलग सेंटरों के कोच अंजुमल तिर्की, पूर्ण चंद्र महतो, राजू साहू सहित कई अन्य भी मौजूद थे।

## अब सेवा हो स्थायी

कोचों ने सीएम से अपनी मुलाकात के दौरान उनसे कहा कि अलग राज्य बनने के बाद 2008 में इंटरव्यू के आधार पर डे बोर्डिंग और आवासीय सेंटरों में कोच नियुक्त किये गये थे। कई कोच ऐसे हैं, जो 17 सालों से तय मानदेय पर ही अपनी सेवा दे रहे हैं। कार्मिक विभाग (झारखंड सरकार) ने 12.7.2019 (पत्रांक 5535) में अनियमित तौर पर सेवा देने वालों को नियमित करने के संबंध में बात कही थी। इसके आधार पर वर्तमान समय में विद्युत विभाग, कारा विभाग और स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों की सेवा नियमित हो चुकी है या प्रक्रिया जारी है। ऐसे में अरसे से काम कर रहे ऐसे कोचों को भी नियमित किया जाये जो लगातार 10 वर्षों से या इससे अधिक समय से कॉन्ट्रैक्ट पर सेवारत हैं।

## मुख्यमंत्री के आदेश के बाद दिवंगत पत्रकार की पत्नी को मिली नौकरी

**पांच वर्ष पूर्व उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश और श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता के दिशा-निर्देश में चतरा के दिवंगत पत्रकार चंदन तिवारी की पत्नी नेहा शुक्ला को सरकारी नौकरी दी गयी। वर्ष 2018 से ही दिवंगत पत्रकार के हत्यारों को सजा, आश्रितों को मुआवजा और मृतक की पत्नी को नौकरी देने की मांग को लेकर पत्रकार आंदोलनरत थे। हत्या के बाद से दिवंगत पत्रकार के तीन बच्चों का भविष्य अंधकार में लटका हुआ था। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद आश्रित को नियुक्ति पत्र देने की घोषणा हुई। बता दें कि चतरा स्थित पत्थलगड़ा निवासी पत्रकार की हत्या उग्रवादियों द्वारा पांच वर्ष पूर्व कर दी गयी थी।

# झारखंड खेल नीति का आज विमोचन करेंगे मुख्यमंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में खेले जाने वाले खेल एवं खिलाड़ियों को प्राथमिकता मिले, जिससे उनकी प्रतिभा की पहचान हो और प्रतिभाओं को बेहतर प्रशिक्षण देकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर में भाग लेने के अनुरूप तैयार किया जा सके। इनको लक्ष्य बनाकर झारखंड खेल नीति 2022 का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को विमोचन करेंगे। जिसके केंद्र में होंगे राज्य के खिलाड़ी और खेल।

## खेल नीति की खास बातें

राज्य के सभी बालक बालिका, युवा एवं सभी आयु वर्ग के नागरिकों के लिए खेल को उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने एवं सारी गतिविधियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए पर्याप्त अवसर उपलब्ध करवाना।

प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को चयनित खेल विधा में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करना।

प्रतिभा की पहचान कर उसे मौका देना। प्रशिक्षण देकर उनका सर्वांगीण विकास और आगे



चलकर उन्हें चैंपियन बनाने की दिशा में कार्य करना।

## प्रदेश की नयी खेल नीति का उद्देश्य

राज्य में खेलों में खिलाड़ियों का क्षमता निर्माण एवं विकास करना, खेल को आकर्षक एवं व्यवहार्य कैरियर विकल्प के रूप तैयार करना, पंचायत स्तर से राज्य स्तर तक खेल को सामाजिक परिवर्तन और विकास उत्प्रेरक बनाना, हर उम्र के नागरिकों के लिए खेल एवं शारीरिक गतिविधियों के लिए वातावरण तैयार करना, खिलाड़ियों का डाटा बेस तैयार कर अंतरराष्ट्रीय मानक के साथ संसाधन उपलब्ध कराना, देशज एवं पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहन देना, खेल पर्यटन को बढ़ावा देना एवं दिव्यांग खिलाड़ियों को भी समान अवसर प्रदान करना।

## खेल नीति से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण बिंदु

- खिलाड़ियों में प्रतिभा अभिवृद्धि के लिए पंचायत, प्रखंड, जिला और राज्य स्तर पर कार्य करने की योजना।
- खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति देने की योजना ।
- खिलाड़ियों को इंश्योरेंस की सुविधा।
- पूर्व खिलाड़ियों को पेंशन योजना का लाभ ।
- राज्य के हर ब्लॉक में उच्च कोटी के खेल मैदानों का विकास।
- योजनाबद्ध तरीके से राज्य के खिलाड़ियों के लिए डे बोर्डिंग, क्रीडा किसलय केंद्र, आवासीय खेल विकास केंद्र, एकलव्य खेल अकादमी का विकास करना।
- राज्य के सभी खिलाड़ियों के लिए देश का पहला खेल डिजिटल डेटाबेस तैयार करना ।
- खेल विश्वविद्यालय की स्थापना करना।
- खिलाड़ियों को नौकरी और शिक्षण संस्थान में आरक्षण झारखंड के खिलाड़ियों को राज्य स्तर की द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ श्रेणी में सीधी भर्ती।

ग्रामीण खेल केंद्र, खेल अकादमी, खेल विश्वविद्यालय, खेल विज्ञान, खेल प्रतिभा खोज, खेल संरचना विकास, प्रशिक्षक विकास, फिजिकल फिटनेस प्रोग्राम, खेल ब्रांडिंग एवं पारदर्शिता के संबंध में भी खेल नीति 2022 में प्रावधान किया गया है।

## खेल नीति में इनकी भी होगी भूमिका

सर्वश्रेष्ठ पीएचइ, पीटी शिक्षक एवं जमीनी स्तर के कोच के लिए पुरस्कार, पीटी शिक्षक एवं जमीनी स्तर के प्रशिक्षकों के लिए राज्य प्रतिभा पूल बनाना, खेल गतिविधियों और कम्युनिकेशन कौशल के संबंधित पीपीपी और प्रायोजकों को आकर्षित करना, फुटबॉल, हॉकी, आदि के लिए झारखंड प्रीमियर लीग का आयोजन, ग्रामीण स्तरीय खेल, पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देना, पंग मुक्त खेल की दुनिया को सुनिश्चित करने के लिए झारखंड में नेशनल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट कोड ऑफ इंडिया की तरह की कानूनों को लागू करना।

# दीपक प्रकाश पहुंचे ओरमांझी, पीड़ित बच्चियों और शिक्षकों से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** सदमा प्रोजेक्ट प्लस टू हाइस्कूल में पिछले दिनों वहां की छात्राओं से हथियार के बल पर छेड़खानी करने का मामला सामने आया था। इसके बाद सोमवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश तथा राज्यसभा सांसद आदित्य साहू भी इस स्कूल में पहुंचे। उन्होंने पीड़ित छात्राओं, उनके परिजनों और शिक्षकों से इस मामले की जानकारी ली।

इसके बाद दीपक प्रकाश और आदित्य साहू दोनों नेताओं ने राज्य सरकार पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। साथ ही इस मामले में मुसलिम समुदाय को वोट बैंक के तौर पर देखने की भी बात कही। दीपक प्रकाश के मुताबिक तुष्टिकरण की आग राज्य के सरकारी स्कूलों में भी घुस चुकी है। सत्ताधारी दल झामुमो-कांग्रेस इसे मौन समर्थन दे रहे हैं।



**आदित्य साहू भी थे साथ, राज्य सरकार पर लगाया तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप, कहा-जनता सिखायेगी सबक**

## हेमंत सरकार को मिलेगा सबक

दीपक प्रकाश ने मौके पर आक्रोश जताते हुए कहा कि स्कूल में मुसलिम युवकों का हथियार के साथ जाना, बच्चियों को जबरन प्यार करने की बाह कहना और फिर छेड़खानी करना घोर निंदनीय ही नहीं बल्कि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। स्कूल के बच्चे और शिक्षक इस घटना के बाद से डरे हुए हैं। शिक्षा के मंदिर में ऐसी घटना का होना शर्मनाक है। हेमंत सरकार अपने तुष्टिकरण युक्त वोट बैंक की राजनीति से बाज आयें। ऐसा नहीं करने पर जनता उन्हें सबक सिखाने को तैयार है।

गौरतलब है कि 5 सितंबर को स्कूल में शिक्षक दिवस कार्यक्रम के दौरान पांच मुसलिम युवक हाथ में हथियार लिये स्कूल में घुस गये। छात्राओं से छेड़खानी करने लगे। स्कूल के एक स्टाफ आशीष महतो ने मना किया तो युवकों ने पिस्टल निकाल ली और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आशीष ने ओरमांझी थाना में एफआइआर दर्ज करा दी। फिलहाल इस मामले में पुलिस की ओर से चार आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। मुजम्मिल अंसारी, फिरदौस अंसारी, जमील अंसारी और तौसीफ अंसारी को पुलिस पकड़ चुकी है, जबकि सुहैल गिरफ्त से बाहर है। पुलिस के समक्ष पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

# मुस्लिम युवकों ने घर में घुस कर युवती से की छेड़छाड़

**विरोध करने पर भाइयों को पीटा, एक गिरफ्तार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के तुपुदाना में 18 वर्षीय मुस्लिम युवती के साथ दो मुस्लिम युवकों ने 7 सितंबर की रात घर में घुस कर छेड़छाड़ और बदसलूकी की। वे युवती को अपने साथ खींच कर ले जाना चाहते थे। मना करने पर पिस्टल दिखा कर जान से मारने की धमकी दी। युवती ने फोन कर अपने ममेरे भाइयों को बुलाया तो आरोपित हकीम अंसारी और जहीर अंसारी ने उनके साथ भी मारपीट की। हालांकि, हो-हंगामा के बाद दोनों आरोपित वहां से भाग निकले। दूसरे दिन युवती अपनी दुकान गयी तो दोनों आरोपित फिर आ धमके और गाली-गलौज करने लगे। इधर, युवती ने इस मामले में तुपुदाना थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस ने हकीम अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरा आरोपित जहीर अंसारी अभी फरार है। पुलिस आरोपित की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

**पीड़िता ने अपने बयान में बताया**

पुलिस को दिये बयान में पीड़िता ने बताया कि वह अपनी मां के साथ तुपुदाना में किराना दुकान चलाती है। 7 सितंबर की रात दुकान बंद कर घर चली गयी। खाना-पीना खाकर सो गयी। रात एक बजे के आसपास आरोपित घर पहुंचा। जोर से दरवाजा पीटने लगा। गंदी-गंदी गालियां देने लगा। इस घटना से पीड़िता और उसकी मां काफी डर गयीं। इसके बाद उसने फोन कर अपने मामा के बेटों को बुलाया। इसी दौरान आरोपित दरवाजा तोड़कर अंदर घुस गये। विरोध करने के बाद भी छेड़छाड़ करने लगे। इसी दौरान पीड़िता के मामा के बेटे आये और किसी प्रकार आरोपितों से बचाया।

# सामंती-मनुवादी सोच वाले भाजपा नेताओं को आदिवासी नेतृत्व स्वीकार नहीं : सुप्रियो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दिल्ली हाइकोर्ट ने लोकपाल में झामुमो प्रमुख और सांसद शिबू सोरेन के खिलाफ चल रही सुनवाई पर 13 दिसंबर तक रोक लगा दी है। झामुमो ने इसका स्वागत करते हुए गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे पर निशाना साधा है। पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि भाजपा संवैधानिक संस्थाओं का गलत प्रयोग कर रही है। निशिकांत और भाजपा की ओछी मानसिकता से सभी वाकिफ हैं। एक आदिवासी सीएम द्वारा जनता की सेवा करना



इन्हें रास नहीं आ रहा। इसलिये सामंतवादी और मनुवादी सोच वाले इन भाजपाई नेताओं द्वारा येन-केन प्रकारेण कई प्रकार के हथकंडों को अपनाया जा रहा है जिसमें वे बार-बार विफल भी हो रहे हैं।

# भाजमो अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने शिक्षकों से जानकारी ली, कहा- आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करे पुलिस


आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ओरमांझी प्रखंड के सदमा प्लस टू उच्च विद्यालय जाकर शिक्षकों से मिला और घटना की जानकारी ली। श्री तिवारी ने जानकारी प्राप्त कर कहा कि कतिपय मुस्लिम युवकों द्वारा स्कूली छात्राओं को कक्षा के भीतर हथियार के बल पर धमकाने की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है, सभ्य समाज के ऊपर एक कलंक है। प्राचार्य एस केरकेट्टा ने कहा यह प्रकरण करीब 2 महीने से चल रहा है। क्लर्क आशीष महतो ने कहा कि फिरोज अंसारी को बदमाशी के कारण 2017 में टीसी दे दिया गया था। मुख्य अभियुक्त



छात्र सुहेल अंसारी है जो पूनम कुमारी को परेशान कर रहा था और इसी के बुलाने पर हथियार के साथ लोग आये थे। श्री महतो को भी मारने की धमकी दे रहे थे। आसपास के लोगों में बहुत ही आक्रोश है कारण शहर से सुदूर इलाके में बच्चे पढ़ने जाते हैं। श्री तिवारी ने कहा कि उक्त विद्यालय में लगभग 650 छात्र हैं और यहां की सभी शिक्षक महिलाएं हैं, केवल एक क्लर्क ही एकमात्र पुरुष कर्मी है। जिसके कारण छात्रों के साथ मनचले आये दिन बदतमीजी करते हैं। इस घटना के बाद से शिक्षक सहित छात्र अत्यधिक डरे हुए हैं और इसका प्रतिकूल प्रभाव पठन- पाठन पर पड़ रहा है। श्री तिवारी ने कहा कि पूरे राज्य में इस तरह की घटना में अचानक बढ़ोतरी होना किसी गहरी साजिश की ओर इशारा करती है। पुलिस प्रशासन को इस दिशा में अनुसंधान कर वास्तविक तथ्यों का पता लगाने की आवश्यकता है। श्री तिवारी ने जिला प्रशासन से स्कूल परिसर की घेराबंदी, गार्ड की नियुक्ति, स्कूल मार्ग का निर्माण, स्कूल परिसर में सीसीटीवी लगाने, पुरुष शिक्षक का भी पदस्थापन हो, पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। साथ ही दोषियों को गिरफ्तार कर उन्हें कड़ी सजा देने की भी मांग की है। प्रतिनिधि मंडल में श्री तिवारी के साथ अशोक ठाकुर, उपेंद्र यादव मौजूद थे।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने एनटीए द्वारा आयोजित जेइइ एडवांस्ड परीक्षा 2022 में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की। प्रतीक नंदन ने 913 रैंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। वहीं अंशु मुंडा ने 1141 रैंक, राकेश कुमार ने 1902 रैक तथा सप्तर्षि पोद्दार ने 15672 रैंक हासिल किया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ एसबीपी मेहता ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह विद्यालय के लिए गर्व की बात है। विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता ने सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इस सफलता का श्रेय शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम को जाता है। विद्यालय के उप प्राचार्य के आर झा ने भी सफल प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना की।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### शारदा ग्लोबल स्कूल की उपलब्धि



रांची (आजाद सिपाही)। शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्र अभिषेक रंजन ने जेइइ एडवांस और विराज कुमार ने चार्टर्ड एकाउंटेंसी फाउंडेशन परीक्षा में विशिष्ट उपलब्धि हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्र अभिषेक रंजन ने जेइइ एडवांस परीक्षा में सीआरएल रैंक 7907 तथा ओबीसी एन सी एल रैंक 1675 लाकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। वहीं इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित चार्टर्ड एकाउंटेंसी की फाउंडेशन परीक्षा में शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्र विराज कुमार ने अपने प्रथम प्रयास में ही 242 अंक हासिल कर अपना स्थान पक्का किया। विद्यालय की डायरेक्टर एकेडेमिक्स डॉ रंजना स्वरूप, प्रधानाचार्या जसमीत कौर, विद्यालय प्रबंधन और समस्त शिक्षकगणों ने अभिषेक रंजन और विराज कुमार की इस विशिष्ट सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### झारखंड स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक इंप्लॉइज यूनियन की बैठक




रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक इम्प्लॉइज यूनियन की द्वितीय आमसभा की बैठक ब्लेसिंग्स बैंक्वेट हॉल, कोकर में आयोजित की गयी। आमसभा बैठक में पूरे प्रदेश की 105 शाखाओं के अधिकारी और कर्मचारी सम्मिलित हुए। बैठक में झारखंड स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक की तरक्की के साथ-साथ कर्मियों, अधिकारियों के विकास की भी परिचर्चा की गयी। आमसभा के दूसरे पहर के कार्यक्रम में पुरानी कमिटी को भंग करते हुए नयी कमिटी का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष के पद पर सुरेंद्र कुमार धीरज, महासचिव के पद पर अनुराग सोनम और सचिव के पद पर जयंत कुमार का चयन किया गया। बैठक के अंत में अजित प्रसाद राय के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। मां फाउंडेशन और रोटरी आइएसएस के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को रांची के ग्रामीण इलाके पंचोली ग्राम में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ सुमन दुबे, डॉ शुभम शेखर, डॉ हरेंद्र शर्मा, डॉ ओम कुमारी ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। लगभग 65 पराश्रित और जरूरतमंद ग्रामीणों को दवाइयां भी दी गयीं। डॉ शुभम शेखर ने ग्रामीणों को सीपीआर और इमरजेंसी का महत्व बताया। डॉ ओम कुमारी और डॉ सुमन दूबे ने उनको आश्वासन दिया कि आगे भी उनके लिए सुलभ रहेंगे। रोटरी आइएसएस के प्रेसिडेंट आर्यन मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया और धन्यवाद ज्ञापन किया।

### नटराज योग संस्थान के बच्चों का रहा बेहतर प्रदर्शन

रांची (आजाद सिपाही)। तृतीय रांची जिला योगासन स्पोर्ट्स चैम्पियनशीप रविवार को डीएवी नंदराज स्कूल में हुआ। जिसमें लगभग तीन सौ अलग-अलग स्कूल के प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें नटराज योग संस्थान से भाग लेने वाले 18 प्रतिभागियों का राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। सब जूनियर बालिका वर्ग में अर्चना तृतीय, शिखा कुमारी चतुर्थ, जूनियर बालक वर्ग बिट्टू कुमार प्रथम, बालिका वर्ग जिया खलखो तृतीय, सीनियर बालक वर्ग पिंटू कुमार चतुर्थ, उत्तम कुमार छटवा, आनंद कुमार नैवा, रितेश कुमार दसम, बालिका वर्ग, रेखा उरांव चतुर्थ, सुनिधि यादव पांचवा, प्रज्ञा कुमारी छटवा, पुजारानी आठंवा, रानीरजनी नौवां स्थान, सीनियर वर्ग रिथमिक योग जोड़ी में रानी रजनी और रेणुका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्था के संस्थापक आर्य प्रहलाद भगत ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनायें दी और बताया कि सभी बच्चों को प्रशिक्षण संस्थान के योग शिक्षक पवन कुमार और शंकर राणा के मार्गदर्शन में में दिया जा रहा है, जिसके कारण सभी बच्चे इस स्तर तक पहुंच पाये।

### सीआइपी में सुसाइड प्रिवेंशन पर कार्यक्रम



रांची (आजाद सिपाही)। सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ साइकियाट्री (सीआइपी), रांची और इंडियन साइकियाट्रिक सोसाइटी (आइपीएस) झारखंड राज्य शाखा ने सुसाइड प्रिवेंशन ने आत्महत्या रोकथाम पर एक कार्यक्रम आयोजित किया। दयामणि बारला, डॉ सत्यनारायण मुंडा, पूर्व कुलपति, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम की शुरूआत सीआइपी के निदेशक प्रोफेसर (डॉ) बासुदेव दास के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ सुसाइड प्रिवेंशन द्वारा जारी आत्महत्या रोकथाम के बारे में जागरूकता सामग्री भी पढ़ी। इसके बाद मुख्य अतिथि ने देश और झारखंड राज्य में बढ़ती आत्महत्या दर पर प्रकाश डाला। अंत में सीआईपी के मनोचिकित्सा के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ सुरजीत प्रसाद ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया।

### आदित्यांशु सिंह जेइइ एडवांस्ड में सफल



रांची (आजाद सिपाही)। कैंब्रियन पब्लिक स्कूल,कांके रोड का छात्र आदित्यांशु सिंह ने जेइइ- एडवांस्ड 2022 की परीक्षा में सफलता हासिल की है। प्राचार्या डॉ नीता पांडेय ने आदित्यांशु को उसकी सफलता पर बधाई और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने बताया कि आदित्यांशु एक मेधावी छात्र है ओर उसने इस वर्ष बारहवीं की परीक्षा में विद्यालय में सर्वोच्च स्थान तथा गणित और फिजिक्स में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किया। संतोषी सिंह और अरविंद कुमार के पुत्र आदित्यांशु ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता,शिक्षकों और प्राचार्या की प्रेरणा को दी है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### जनजातीय प्रशिक्षण संस्थान जैनेंद्र पारा मेडिकल कॉलेज की अर्धवार्षिक परीक्षा




**रांची (आजाद सिपाही)।** जनजातीय प्रशिक्षण संस्थान द्वारा संचालित जैनेंद्र पारा मेडिकल कॉलेज में डीएमएलटी, ओटी, ड्रेसर पारा मेडिकल कोर्स का अनुसूचित जाति के अध्ययनरत बच्चों का अर्धवार्षिक परीक्षा सोमवार को आयोजित की गयी। संस्थान के निदेशक प्रियांशु कुमार ने बताया कि अनुसूचित जाति के छात्रों को पारा मेडिकल कोर्स में पढ़ाई से स्वास्थ्य के क्षेत्र में रोजगार की काफी संभावना है। जुली कुमारी, पूर्णिमा खक्खो, प्रियंका खलखो, राकेश रंजन, हिमांशु सिंह, विकास कुमार एवं सभी शिक्षकों का कदाचार मुक्त परीक्षा करवाने में अहम योगदान रहा।

### अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की ओर से राष्ट्रव्यापी रथयात्रा निकली



**रांची (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह पवार संगठन की तीन मांगो को लेकर 17 सितंबर को रांची आ रहे हैं। उनका अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा एवं बाबू वीर कुंवर विचार मंच की ओर से जुमार पुल के पास भव्य स्वागत किया जायेगा। उक्त जानकारी सोमवार को संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष ललन सिंह ने दी। श्री सिंह ने कहा कि तीन प्रमुख मांगों को लेकर संगठन की ओर से राष्ट्रव्यापी रथयात्रा निकाली गयी है, जो 13 सितंबर से झारखंड के विभिन्न जिलों की यात्रा करते हुये 17 सितंबर को रांची पहुंचेगी। संगठन की ओर से तीन मांगों को लेकर निकाली गयी रथयात्रा का 7 अक्टूबर को जंतर मंतर दिल्ली में में संपन्न होगा। प्रेस वार्ता में विनय कुमार सिंह, विकास, श्याम किशोर सिंह, रामेश्वर दयाल सिंह, शिव व्रत सिह, सर्वेश कुमार यश, प्रमोद सिंह, पुरुषोत्तम सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### अबुआ झारखंड पार्टी झारखंड में बदलाव के लिए आंदोलन करेगी : रिलन एमन होरो



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के जल, जंगल और जमीन की लड़ाई नये सिरे लड़ने अबुआ झारखंड पार्टी का गठन किया गया। सोमवार को पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष रिलन एमन होरो ने नयी कार्यकारणी सदस्यों की सूची जारी की। श्री होरा ने कहा कि झारखंड पार्टी होरो गुट ने झारखंड की वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए इसका गठन किया गया है। पार्टी के केंद्रीय कार्यकारिणी समिति के पदाधिकारियों की जारी सूची में अध्यक्ष रिलन एमन होरो, कार्यकारी अध्यक्ष सोमा मुंडा, उपाध्यक्ष अजय टोपनो ,जावेद पाशा, महासचिव विजय आईद, निकोदिम लकडा, मोनरेन टोपनो, एस टी एक्का, कोषाध्यक्ष संजय कुजूर, उप कोषाध्यक्ष बद्री साहू, सचिव राजेंद्र लुगुन, रूबेन डांग, सबन बरला,वीरेंद्र नाथ मांझी, शिव शंकर राम ,मनोज पाहन, सचिव विलियम समद, दिल मोहन साहू , अरनब सेन, अब्राहम हस्सा, जुनूले टोपनो, राहुल कुजूर, संगठन सचिव सुबोध पूर्ति, अल्बर्ट होरो, राधाकृष्णा सिंह मुंडा, निस्तार तिग्गा, कार्यकारिणी सदस्य जयंत जयपाल सिंह मुंडा , रेजी डुंगडुंग, रास होरो, थोमसटोपनो, जूलियन टोपनो, डाक्टरविजय होरो, संजय तिर्की, मतिउस जोजो, गजाधर सिंह। प्रेस वार्ता में अध्यक्ष रिलेन एमन होरो, कार्यकारी अध्यक्ष सोमा मुंडा, उपाध्यक्ष अजय टोपनो, केंद्रीय महासचिव निकोदीम लकडा, विजय आईद, मोनरेन टोपनो, एस टी एक्का मौजूद थे।

### पुलिस मित्र की तर्ज पर बनेगी जिला युवा सुरक्षा समिति



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची ज़िला युवा सुरक्षा समिति की बैठक पहाड़ी मंदिर की तलहटी में निशांत यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अतिथि के रूप रांची ज़िला दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी, संयोजक मुनचुन राय, मुख्य संरक्षक अशोक पुरोहित, वरिष्ठ उपाध्य्क्श राहुल शर्मा उपस्थित थे। ज़िला दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी और संयोजक मुनचुन राय ने कहा कि आप सभी पूजा समिति के साथ समन्वय बनाकर पुलिस मित्र की तर्ज पर आपलोग समिति का गठन करें। मुख्य संरक्षक अशोक पुरोहित ने कहा कि भक्तों को किसी प्रकार की कठिनाई ना हो। अध्यक्षता करते हुए निशांत यादव ने कहा कि प्रत्येक पंडाल एवं मुख्य मार्गों पर रांची ज़िला युवा सुरक्षा समिति श्रद्धालुओं की सेवा में हमेशा तत्पर रहेगी। बैठक में अशोक पांडे, पूनम सिंह, आशीष शर्मा शुभम पुरोहित, मनीष कुमार केशरी, अमित अग्रवाल, सुधांशु, गौतम कुमार, अर्पित कुमार, सुधांशु कुमार, संदीप गुप्ता, दीपक गुप्ता, अमित वर्मा, मनोज यादव, विवेक गुप्ता, शशिकांत तिवारी, विक्की शर्मा अमरजीत कुमार, रोशन कुमार, सिद्धार्थ मनोज कुमार, चंदन वर्मा, कृष्णा उपस्थित रहे।

### रूपक सिंह कैमेस्ट्री क्लासेज का परिणाम सराहनीय रहा



**रांची (आजाद सिपाही)।** रूपक सिंह कैमेस्ट्री क्लासेज का परिणाम बहुत बच्छा रहा। रूपक सिंह कैमेस्ट्री क्लासेज के शिवम लाल ने ऑल इंडिया रैंक 2987 प्राप्त किया। इसके अलावा और भी बहुत से बच्चों ने आइआइटी-एडवांस में सफलता अर्जित की। रूपक सिंह ने बताया कि करोना काल में मुख्यतः पढ़ाई डिजिटल बोर्ड पर हुई। पीकिन नियमित टेस्ट और डाउट क्लास की वजह से बच्चों को काफी मदद मिली। आगे उन्होंने कहा शिवम लाल पढाई में बहुत ही अच्छा है। उन्होंने आइआइटी-एडवांस में सफलता प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाई दी।

### डीजीपी ने दो जांबाज पुलिसकर्मियों को दस-दस हजार रुपये देकर किया सम्मानित

**रांची (आजाद सिपाही)।**झारखंड के डीजीपी नीरज सिन्हा ने साहसिक कार्य करनेवाले दो पुलिसकर्मियों को दस दस हजार रुपये देकर सम्मानित किए। सम्मानित किये गये पुलिसकर्मी का नाम संतोष कुमार और संदीप कुमार सिंह है। 28 अगस्त की सुबह हथियार के साथ हवलदार संदीप कुमार सिंह ने धुर्वा इलाके में कुख्यात अपराधी अक्षय कुमार सिंह को दबोचा था। वहीं संतोष कुमार ने धुर्वा इलाके में गोली मार कर भाग रहे अपराधी द्वारका सिंह को दबोचा था। डीजीपी ने इस कार्य के लिए दोनों पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया है।

## रांची और देवघर में मिले लंपी वायरस के संदिग्ध मामले

# मवेशियों की आवाजाही पर रोक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** गुजरात, राजस्थान, एमपी, यूपी समेत कई राज्यों में कहर बरपा रहे लंपी वायरस (लंपी स्किन डिजीज) ने अब झारखंड में भी दस्तक दी है। राज्य के दो जिलों रांची और देवघर में इसके संदिग्ध मामले सामने आये हैं। रांची के नगड़ी एवं देवघर के पालाजोरी में वायरस से संक्रमित (संदिग्ध) गाय और बछड़ा मिले हैं। पशुपालन निदेशक शशि प्रकाश झा ने बताया कि रविवार को ही मामले संज्ञान में आये हैं। सोमवार को सैंपल कलेक्ट कर जांच के लिए भोपाल भेजा गया। इससे बचाव के लिए एडवायजरी जारी की गयी है।

इस मामले को लेकर कृषि मंत्री बादल ने भी स्पष्ट निर्देश दिया है कि लंपी वायरस की रोकथाम को लेकर जो भी किया जा सकता है, अविलंब किया जाये।

पशुपालन निदेशक ने डीएचओ को कहा है कि संदिग्ध मवेशी मिले तो एहतियाती उपाय करें। पशुओं की आवाजाही पर भी रोक लगायी गयी है। सोमवार को बैठक के बाद पशुपालकों की मदद के लिए टोल फ्री नंबर जारी कर आगे की रणनीति तय की जायेगी।

**क्या है लंपी वायरस :** पशु स्वास्थ्य संस्थान, कांके के निदेशक डॉ विपिन महथा ने बताया कि एलएसडी गांठदार त्वचा रोग है। ये बीमारी गाय, भैंस को होती है। बीमारी मच्छर या खून चूसने वाले कीड़ों से मवेशियों में फैलती है।

### बीमारी के लक्षण

डॉ महथा ने बताया कि संक्रमित होने के दो-तीन दिनों के अंदर मवेशी को हल्का बुखार आता है। इसके बाद शरीर पर गांठदार दाने निकल आते हैं। कुछ गांठ घाव में बदल जाते हैं। मवेशी की नाक बहती है व मुंह से लार आता है तथा दूध कम हो जाता है। इससे गर्भावस्था में मिसकैरेज हो सकता है।

## इडी ने पल्स अस्पताल के निर्माण में शामिल ठेकेदारों को किया तलब

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कैडर की निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल और उनके पति अभिषेक झा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच से कई छोटे ठेकेदारों को गंभीर कानूनी और वित्तीय समस्या का सामना करना पड़ सकता है। इन लोगों ने पल्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के निर्माण में अपनी सेवा की पेशकश की थी। इडी का मानना ??है कि कुछ ठेकेदारों ने प्रत्यक्ष या परोक्ष्र रूप से पूजा सिंघल और अभिषेक झा को मनी लॉन्ड्रिंग में मदद की थी।

सूत्रों ने कहा कि कुछ ठेकेदारों ने नकद में भारी भुगतान स्वीकार किया और उनके द्वारा किये गये निर्माण कार्यों का कोई रिकॉर्ड नहीं रखा। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों में इडी ने कुछ ठेकेदारों को नये सिरे से समन भेजा है। इडी ने दावा किया कि पूजा सिंघल ने अपने पति के साथ अस्पताल के निर्माण में घोटाले के पैसे का एक बड़ा हिस्सा निवेश किया था। इस साल पांच मई को जब इडी ने पूजा सिंघल और उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट सुमन कुमार सिंह के आधिकारिक आवास पर छापा मारा, तो ऐसे कई ठेकेदारों को बुलाया गया और उनसे पूछताछ की गयी।

इडी ने पूजा सिंघल के साथ एक ठेकेदार के कार्यालय पर भी छापेमारी की थी, जो पल्स अस्पताल निर्माण परियोजना का हिस्सा था।

## जदयू का सदस्यता अभियान शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जनता दल यूनाइटेड झारखंड में अपनी सियासी जमीन तलाशने की कवायद में जुट गया है। इसी कड़ी में प्रदेश मुख्यालय में सोमवार से सदस्यता अभियान की शुरूआत की गयी। प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने बैठक में शामिल जिला अध्यक्षों को पार्टी की सदस्यता दिलायी। इसी के साथ पूरे प्रदेश में सदस्यता अभियान की शुरूआत हुई। 15 सितंबर तक राज्य के सभी जिलों में सदस्यता अभियान चलाया जायेगा।

**16 अक्टूबर को जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन आयेंगे रांची :** खीरु महतो ने कहा कि 16 अक्टूबर को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह का कार्यक्रम रांची में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में सभी जिला अध्यक्ष, प्रदेश और जिला कार्यसमिति सदस्य के अलावा प्रखंड अध्यक्ष और प्रखंड कार्यसमिति सदस्य भी शामिल होंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष सभा को संबोधित करेंगे और संगठन की मजबूती पर विचार विमर्श किया जायेगा।

खीरू महतो ने कहा कि नीतीश कुमार पीएम मैटेरियल हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में देश भर में विपक्षी एकता दिखेगी और इसकी शुरूआत हो गयी है। उन्होंने कहा कि झारखंड में विपक्षी एकता को मजबूत करने के लिए यहां भी बैठक कर चुनाव का शंखनाद किया जायेगा।

मुख्यालय प्रभारी सह महासचिव श्रवण कुमार, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आशा शर्मा, प्रवक्ता सागर कुमार के अलावा अन्य नेता मौजूद रहे।

## रांची महानगर औद्योगिक दुर्गा पूजा समिति की नयी कमेटी का गठन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** महानगर औद्योगिक दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष वेद प्रकाश सिंह और संग्रक्षक राजीव रंजन मिश्रा को बनाया गया। सोमवार को महानगर औद्योगिक दुर्गा पूजा समिति का वार्षिक अधिवेशन मेफेयर बैंक्वेट हॉल, धुर्वा में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महानगर औद्योगिक दुर्गा पूजा समिति की नयी कमेटी(2022-23) का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष वेद प्रकाश सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष(महिला मोर्चा) वीणा मिश्रा, कार्यकारी अध्यक्ष अजय मोहंती, इंद्रजीत सिंह, परमेश्वर सिंह, बाबु भैया, शंटु यादव, रमेश भारती, उपाध्यक्ष सभी पुजा समितियों के अध्यक्ष गण, वरीय उपाध्यक्ष गोपाल उपाध्याय, धर्मेंद्र मिश्रा, धर्मेंद्र कुमार, शैलेन्द्र कुमार, विनय कुमार सिंह, महासचिव धीरेन्द्र बमबम, रंजन यादव, प्रदीप तिवारी, नीलकांत दास, संतोष सिंह, पिकलु चटर्जी, रोहित कुमार, प्रेम सिंह बांगी, शिव सिंह, सचिव आर के सिंह, पी के सिन्हा, चंदन पटेल, बंटी यादव, रविशंकर, नवनीत सिंह, विपिन मिश्रा,अमर आर्या, समुद्र मिर्धा, रविशंकर सिंह, विश्वनाथ प्रताप सिंह, संजु चौधरी, मिडिया प्रभारी प्रभात कुमार राजन, ब्रजेश सिंह, महामंत्री जितेंद्र सिंह, रमेश सिंह, कुंदन सिंह, भास्कर,मुन्ना सिंह, जे के सिन्हा, पप्पु साहु, ओ पी मिश्रा और मुन्ना जी, कोषाध्यक्ष असीम मोइत्रा, अंकित मिश्रा, संयोजक कार्तिक लाल शर्मा, अजीत द्विवेदी, विश्वनंदन कुमार, उमेश यादव,अनिल भारती, युवा दस्ता प्रभार सागर यदुवंशी, राहुल कुमार, बिट्टु मिश्रा, सुमित कुमार, संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा, जय सिंह यादव, कमल ठाकुर, मंटु शर्मा, अरविंद सिंह, सुशील सिंह, सुरेंद्र कच्छप, दलबीर सिंह बिरे, काजल भट्टाचार्य शामिल हैं। इस दौरान कमिटी के द्वारा दुगार्पूजा मोहत्सव 2022 को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं राजीव रंजन मिश्रा और वेद प्रकाश सिंह ने नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों को बधाई दी।

### जेएससीए स्टेडियम में स्वीमिंग कोच ने किया खुदकुशी का प्रयास

**रांची (आजाद सिपाही)।** धुर्वा थाना क्षेत्र स्थित जेएससीए स्टेडियम में स्विमिंग पूल कोच के खुदकुशी करने का प्रयास करने का मामला सोमवार को प्रकाश में आया है। बताया गया कि कोच ने स्टेडियम के चौथे तल्ले से छलांग लगायी है। स्विमिंग पूल के कोच बादल कुमार ने कूद कर खुदकुशी करने की कोशिश की। आनन-फानन में उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही मौके पर हटिया डीएसपी राजा मित्रा सहित थाना प्रभारी प्रवीण कुमार पहुंच कर मामले की जांच शुरु की। पुलिस आत्महत्या के कारणों को जानने का प्रयास कर रही है।

### डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातू के विद्यार्थियों ने जेइइ एडवांस में सफलता हासिल की



**रांची (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातू रांची के विद्यार्थियों ने नीट और जेईई एडवांस में सफलता हासिल की। नीट 2022 में प्राची कुमारी को 680 अंक, जया जयंती को 656, अनन्या सिंह और अदिति राज को 618 अंक प्राप्त हुए। इसके अलावा अनंत राज को 595, श्रेया सिंह को 578 और पवन राज 549 अंक अर्जित करने में सफल हुए। जेईई एडवांस में आयुष कुमार को 549 रैंक, रोहित कुमार को 1571, आशुतोष दयाल को 3896, कुमार हर्ष को 6711, अदिती नारायण लाल को 7952, श्रेष्ठ आनंद को 9837 अरुनाभ सिन्हा को 9953 रैंक प्राप्त हुआ। प्राचार्य विनय कुमार पांडेय ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी।

### उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मिले राजेंद्र प्रसाद



**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य राजेंद्र प्रसाद ने उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने जगदीप धनखड़ को उप राष्ट्रपति बनने पर बधाई दी। इस दौरान राजेंद्र प्रसाद ने उपराष्ट्रपति को जानकारी दी कि झारखंड में पिछड़ी जातियों की आबादी लगभग 55 प्रतिशत है। राजेंद्र प्रसाद ने पिछड़ों को कम से कम 36 प्रतिशत आरक्षण देने और तमिलनाडु की तर्ज पर 50 प्रतिशत आरक्षण देने की अनुशंसा की है। प्रसाद ने उप राष्ट्रपति धनखड़ को झारखंड की वास्तविकता से भी अवगत कराया।

## लोअर चुटिया में दिखेगा सिंदोरा से सजा मां का दरबार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति, लोअर चुटिया, रांची इस वर्ष मां भगवती का पूजा पंडाल एक नये थीम के साथ बना रही है। इस थीम का नाम है दुर्गा मां का सिंदूरदान। इस पूजा पंडाल में सिंदोरा (कीया) जो सिंदूर रखने की काठ की डिबिया होती है, उसी से पंडाल को सजाया जायेगा। इसके अलावा इस पंडाल में शादी विवाह की झलकियां देखने को मिलेंगी। पंडाल की लंबाई लगभग 110 फीट, चौड़ाई 60 फीट, ऊंचाई 50 फीट होगी। इसका निर्माण पश्चिम बंगाल के डेकोरेटर गौतम गौराई और मृणाल नंदी की देखरेख में जुलाई माह के अंतिम सप्ताह से जारी है। मां भगवती पूजा पंडाल में प्रसन्न मुद्रा में कमल फूल पर विराजमान होंगी। उनके साथ भगवान गणेश, लक्ष्मी, सरस्वती, कार्तिक साथ होंगे। वही महिषासुर मां भगवती से क्षमा याचना मुद्रा में दिखाई देंगे। मां भगवती की प्रतिमा का निर्माण कोलकाता के हुगली निवासी कार्तिक पाल के द्वारा किया जा रहा है। पूजा पंडाल की सजावट के साथ पूरे महादेव मंडा परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया जायेगा। पूरे पूजा के दौरान महाभोग (प्रसाद) के रूप में मूंग का हलवा, खीर, फल, खिचड़ी, लड्डू के साथ मोतीचूर की बुंदिया श्रद्धालुओं के बीच बांटी जाएगी। समिति के अध्यक्ष राजकुमार महतो ने बताया कि इस वर्ष भी मिनी मीना बाजार का आयोजन किया जा रहा है। बच्चों के मनोरंजन के लिए नाव, जंपिंग, घोड़ा, मिक्की, स्कॉर्पियो लगवाया जा रहा है, खाने-पीने के साथ खिलौना का भी दुकानें लगायी जाएंगी। पूजा पंडाल के सुरक्षा में सीसीटीवी कैमरा, सुरक्षा गार्ड, समिति के वॉलिंटियर्स पूरे पूजा पंडाल में तैनात रहेंगे। पूरे पूजा में लगभग 16 लाख रुपया खर्च होने की अनुमान है।

पूजा में अध्यक्ष राजकुमार महतो, लालो महतो, प्रमोद गोप, रवि गोप, रविंद्र महतो, बद्री विशाल, रंजीत राम, सरवन महतो, अमित साहू, धनंजय सिंह, भोला केसरी, गौतम महतो, विक्रम साहू, तपन महतो, रामदेव लोहरा, चुन्नू गोप, सुमित महतो, गुल्लू गोप, अजीत गोप, अमित लोहरा, रितेश गोप, अंकित केसरी, प्रतीक चौधरी, करण सिंह, रोहन भोगता आदि विशेष भागीदारी है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### योगासन खेल चैंपियनशिप में सरला बिरला विवि को मिले 10 पदक



**रांची (आजाद सिपाही)।** योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन ऑफ झारखंड द्वारा आयोजित जिला स्तरीय योगासन खेल चैंपियनशिप 2022-23 का आयोजन डीएवी नंदराज बरिआतु में 12 सितंबर को किया गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सरला बिरला विश्वविद्यालय के योग और नेचुरोपैथी विभाग को विभिन्न योग प्रतिशर्धाओ में कुल 10 पदक मिले। इनमें 6 स्वर्ण पदक, 2 रजत पदक तथा 2 ताम्र पदक प्राप्त हुए है। सीनियर बॉय श्रेणी में प्रवीण कुमार पाठक तथा उम्र 30+ श्रेणी में अंजना कुमारी सिंह ने ट्रेडिशनल योगासन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रवीण कुमार पाठक तथा रूद्र दातखिले की टीम ने रिथमिक योगासन प्रतियोगिता तथा आर्टिस्टिक पेअर योगासन प्रतियोगिता दोनों में स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदको को जीतकर विश्वशिविद्यालय को गौरंवान्वित किया। जूनियर बॉय श्रेणी में संजय कुमार महतो ने ट्रेडिशनल योगासन प्रतियोगिता तथा सीनियर बॉय श्रेणी में रूद्र दातखिले ने सोलो योगासन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक अपने नाम किया। वहीं सीनियर बॉय श्रेणी में प्रवीण कुमार पाठक ने आर्टिस्टिक सोलो प्रतियोगिता तथा रैना बनकर ने उम्र 30+ योगासन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर ताम्र पदक प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त 15-17 सितंबर को आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में विभाग के 4 प्रतिभागियों प्रवीण कुमार पाठक, रूद्र दातखिले, संजय महतो, धरमवीर कुमार का चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ डॉ गोपाल पाठक ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। कुलसचिव प्रोफ विजय कुमार सिंह ने विभाग कामयाबी पर प्रसन्नता व्यक्त की है। योग विभाग की डॉ नीलिमा पाठक ने सफलता का श्रेय प्राध्यापको तथा विद्यार्थियों के परिश्रम को दी। समन्वयक आशुतोष द्वेदी ने विभाग की प्रमुख डॉ नम्रता चौहान, अंजना कुमारी सिंह, प्रवीण पाठक, अमरेन्द्र दत्त द्विवेदी के साथ सभी विधार्थियों को शुभकामनाएं दी।

### साईं नाथ विवि के कंप्यूटर विभाग ने किया फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन




**रांची (आजाद सिपाही)।** सोमवार को साईं नाथ विश्वविद्यालय, रांची के कंप्यूटर विभाग द्वारा फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। विष्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ एसपी अग्रवाल का स्वागत प्रो निकिता ठाकुर, उपस्थित षिक्षकगण और विद्यार्थियों द्वारा किया गया। प्रो डॉ एसपी अग्रवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन और माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम सफल आयोजन में कम्प्यूटर विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो निकिता ठाकुर संकायाध्यक्ष प्रो भावेश कुमार, प्रो दानिश अंसारी और प्रो नेहा कुमारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस कार्यक्रम में सभी विभागों के प्राचार्य, विभागाध्यक्ष, शिक्षक-शिक्षिकांए प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहें।

### राजू झा बने युवा रांची महानगर दुर्गा पूजा महासमिति महानगर के अध्यक्ष



**रांची (आजाद सिपाही)।** युवा रांची महानगर दुर्गा पूजा महासमिति की बैठक सोमवार को मोरहाबादी में हुई। अध्यक्षता महासमिति के संस्थापक राधे सिन्हा द्वारा किया गया। इसके साथ ही वर्ष 2021 को दुर्गा पूजा का आय व्यय का व्योरा प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से कमिटी को पास कर और पुरानी कमिटी को भंग कर दिया गया और सभागार में इस महासमिति के सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति राजू झा को 2022 के महासमिति के अध्यक्ष के रूप में चुना गया। युवा रांची महानगर दुर्गा पूजा महासमिति के संस्थापक राधे सिन्हा ने कहा कि पूजा के दौरान हर पंडाल के आसपास कार्यकर्ता जरुरतमंद की हर संभव मदद करेंगे। इस दौरान युवा रांची महानगर दुर्गा पूजा महासमिति द्वारा सभी सदस्यों को पदभार सौपा गया। नयी कमेटी में संस्थापक राधे सिन्हा, मुख्य संयोजक बबलू चौधरी, राजू झा, बिट्टू दादा, विशाल कुमार, अमन कुमार, नितिन सिंह, आलोक कुमार, बादल कुमार,अमन गुप्ता, रॉकी सिंह, सुमित अकेला, सागर कुमार गुप्ता, राज कुमार, आदित्या शर्मा, विकास कुमार सिंह, आयुष वर्मा, हर्ष चौधरी, संकेत पाठक, राकेश कुमार सिंह,अभियन्यु गोप, मनीष प्रजापति, पुरूषत्तम शर्मा, अंकित कुमार, संदीप कुमार, श्याम सिंह, नितिश कुमार, बादल कुमार, रोहित शर्मा, अजय गुप्ता, सुरज कुमार, सुमित जैन, अंकित सिन्हा, राहुल वर्मा, नियनेश सिन्हा, निखिल राम, विजय सिन्हा, सन्नी वर्मा, बबलू सिन्हा, राहुल सिंह महामंत्री अमित चंद्रवंवी, ज्योति सिन्हा, कोषाध्यक्ष, प्रवक्ता मनीष केशरी, कार्यकारणी अध्यक्ष अमन वर्मा, सह उपाध्यक्ष शुभम कुमार, निशांत झा, अभय सिंह, विशाल कुमार, प्रियांशु कुमार, निखिल सिन्हा, प्रभात कुमार,अभय सिंह, निशांत कुमार सिंह, अफद गुप्ता,बीरू,सुमित कुमार बनलसार, मरीनल कुमार,रितेश गुप्ता, रवि रोशन कुमार, राकेश सिंह, निश्चय दिग्गल, अंकित कुमार, मंत्री अनुभव कुमार, कोकर मंडल अध्यक्ष राहुल राज लाल आदि शामिल हैं।

### श्री दुर्गा पूजा समिति भुतहा तालाब के मुख्य संरक्षक किशोर साहू सम्मानित



**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री दुर्गा पूजा समिति भुतहा तालाब रांची मुख्य संरक्षक श्री किशोर साहू को मुमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से संजय सिंह लल्लू, सूरज वर्मा,राहुल सिंह, आकाश रजक, नमन भारतीय, करण सिंह, मोहित रजक, आशीष रजक, रोहन सिंह शामिल थे।

## पुरानीराय मुख्य मार्ग पर सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल



पिपरवार (आजाद सिपाही)। बचरा-बुढ़मू मुख्य मार्ग स्थित झारखंडी शिव मंदिर पुरानीराय के समीप दो बाइक की आपस में हुई भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद तीनों घायल करीब एक घंटे तक सड़क पर ही पड़े रहे। बाद में स्थानीय पुलिस की मदद से तीनों को बचरा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को रांची रेफर कर दिया गया है। घायलों की पहचान बृजलाल प्रसाद (40), मोहम्मद फहरान (18) और मोहम्मद गुफरान (12) के रूप में हुई है। बृजलाल मैक्लुस्कीगंज के लपरा का रहने वाला है। जबकि फहरान और गुफरान बहेरा गांव के रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार बृजलाल हुटाप मीडिल स्कूल में शिक्षक हैं। सोमवार को वह बचरा बैंक जा रहे थे। जबकि दोनों किशोर बहेरा से सामान लेने जा रहे थे। तभी झारखंडी शिव मंदिर के पास दोनों की बाइक की भिड़ंत हो गई।

**सम्मान : कस्तूरबा की दो छात्राओं ने नीट व तीन ने जेइइ मेन में किया क्वालिफाई**

# जीवन के संघर्षों के बीच विद्यार्थियों को बनानी होगी अपनी राह : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की दो छात्राओं ने नीट 2022 और तीन छात्राओं ने जेइइ मेन क्वालीफाई किया है। यह उपलब्धि डीसी शशि रंजन की पहल पर शुरू किये गए सपनों की उड़ान कार्यक्रम की है। नीट 2022 क्वालीफाई करने वाली दो छात्राओं में वाटिका कुमारी और अड़की प्रखंड की पूजा कुमारी है। कुल 16 छात्राओं में से तीन छात्राएं उपलब्धि हासिल कर अन्य छात्राओं के लिए उदाहरण बनी हैं। इसे लेकर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की वार्डन, शिक्षिका, सभी बच्चियों में खुशी है। जेइइ मेन में सफलता पाने वाली छात्राओं में दयामनी सांगा, एलिसा हस्सा और दीपा पूर्ति शामिल हैं। वर्तमान में 16 छात्राएं आइआइटी की तैयारी कर रही हैं और अन्य मेडिकल की तैयारियां कर रही हैं। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत खूंटी के छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करने के उद्देश्य से एक अनोखी पहल का परिणाम अब सकारात्मक रूप से प्रदर्शित हो रहा है। सोमवार को डीसी ने छात्राओं से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही नई बैच की छात्राओं को भी प्रोत्साहित किया। सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बेहतर भविष्य के लिए काउंसिलिंग करा उन्हें सहयोग भी किया जा रहा है। इस पहल में सपनों की उड़ान कार्यक्रम के माध्यम से जिले की छात्राओं के लिए सुदृढ शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने का प्रयास है। इसके लिए खूंटी जिले के कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय के 11वीं एवं 12वीं की छात्राओं को भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान एवं गणित विषयों में सुदृढ़ करते हुए आइआइटी और मेडिकल परीक्षा में उत्तीर्ण कराने के उद्देश्य से ऑनलाइन/ऑफलाइन शिक्षा विद्या मंदिर क्लास से नई दिल्ली द्वारा प्रदान की जा रही है। इन छात्राओं को जिला प्रशासन द्वारा सहयोग दिया जा रहा है। डीसी ने छात्राओं से सीधी बात कर उन्हें बेहतर शिक्षा की दिशा में अग्रसर करने की बात कही। उन्होंने अपने जीवन के अनुभव भी विद्यार्थियों से साझा किये। कहा कि किस तरह बेहतर अध्ययन के बल पर वे यूपीएससी में उत्तीर्ण हुए। उन्होंने बताया कि लक्ष्य निर्धारण करते हुए पढ़ाई करें। डीसी ने कहा कि सुविधाओं के अभाव में भी बिना किसी भय के हम सफल हो सकते हैं। इस मौके पर भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और खूंटी के डीडीसी नीतीश कुमार सिंह ने भी छात्राओं का उत्साहबर्द्धन किया।



विद्यार्थियों के बीच उपस्थित डीसी शशि रंजन।

## संकल्प संस्थान में मनाया गया शिक्षक दिवस



खूंटी (आजाद सिपाही)। संकल्प संस्थान में सोमवार को शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत संस्थान के निदेशक राजेश कुमार महतो ने किया। उन्होंने कहा कि व्यक्ति का प्रथम गुरु उसके माता-पिता होते है। इसलिए अपने माता पिता के प्रति सभी को समर्पण का भाव रखते हुए जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। मौके पर गायत्री परिवार खूंटी के अमित किरण, ब्यूटी मिश्रा एवं रीता मेहता द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत ने लोगों का मन मोह लिया। सामुएल इन्फेंट हार्ट एकेडमी तोरपा के प्रधानाचार्य और मशहूर नागपुरी गायक लक्ष्मीकांत नारायण बड़ाईक और बिरसा शिशु विद्या मंदिर डोड़मा के प्रधानाचार्य बजरंग साहू ने गुरु की महिमा की चर्चा की। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जन शिक्षण संस्थान खूंटी के प्रोग्रामिंग ऑफिसर सुब्रत सेन प्रधान, संजय कुमार एवं राजकिशोर होरो द्वारा संकल्प संस्थान में निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों एवं संस्थान के शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आदित्य कुमार, दीपक, विजय, पवन, अनुप्रीत, श्वेता, खुशी, जितेंद्र फणीश्वर, प्रफुल्ल, बजरंग, आदित्य पांडेय आदि योगदान दिया।

## दिव्यांग को सरकारी योजनाओं का नहीं मिल रहा लाभ



डकरा (आजाद सिपाही)। खलारी प्रखंड में सरकारी योजनाओं के नाम पर दिव्यांग का लंबे समय से उपेक्षा किया जा रहा है। आए दिन सरकार द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों व शिविर लगाने के बावजूद दिव्यांगों सहित अन्य लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। इसका एक ताजा उदाहरण लपरा पंचायत के हेसालोंग गांव में देखने को मिला है। यहां के निवासी दिव्यांग गजाधर लोहरा (35) ने बताया कि उनका शुरू से ही बुढ़मू प्रखंड से पेंशन मिला करता था, जो किन्हीं कारणों से करीब पांच वर्षों से मिलना बंद हो गया है। जबकि इस संदर्भ में मुखिया को अनेकों बार पेंशन के लिए खुद से आवेदन दिया है। बावजूद इसके अभी तक पेंशन का लाभ नहीं मिल पाया है। उन्होंने बताया कि गरीबी रेखा के तहत शुरूआत में पीला कार्ड बना हुआ था। जिसे बाद में हटाकर लाल कार्ड में तब्दील कर दिया गया। इधर जर्जर मकान में रहने वाले दिव्यांग गजाधर लोहरा का भरण पोषण उसकी बूढ़ी मां मजदूरी करके कर रही है।

## रैयत विस्थापित मोर्चा का धरना कल

डकरा (आजाद सिपाही)। रैयत विस्थापित मोर्चा का एनके एरिया महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष धरना को लेकर सोमवार को बड़कीटांड़ स्थित पंचायत भवन में रैयत विस्थापितों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता दामोदर गंझू ने किया। बैठक में एनके एरिया महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष मोर्चा की ओर से 14 सितंबर को आहूत एक दिवसीय धरना में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने को लेकर निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन बालेश्वर गंझू ने किया। इस मौके पर राम लखन गंझू, जालिम सिंह, अमृत भोगता, अनिकेत गंझू, संजय गंझू, प्रेम साव, सोनू गंझू, बिजय, अजय सिंह, आशीष कुमार सिंह, महाबिर गंझू, बालजीत गंझू, गणेश लोहरा, मेधु गंझू, बासुदेव गंझू आदि थे।

## डकरा में एनके एरिया ट्रक मालिकों की बैठक

खलारी (आजाद सिपाही)। डकरा स्टेडियम में एनके एरिया के ट्रक मालिकों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता विकास यादव एवं संचालन संटू सिंह ने किया। बैठक में ट्रक ऑनरों की अनेक समस्याओं पर चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रूप से लोकल गाड़ियों की लिसि्ंटग करने, सभी कांटो पर स्थानीय गाड़ियों को ही प्राथमिकता के आधार पर लोडिंग देने, इस व्यवस्था को लागू करने के लिए एनके एरिया और पिपरवार ट्रक एसोसिएशन के तत्वाधान में संयुक्त रूप से एक निगरानी कमेटी का गठन करने का निर्णय लिया गया। जिसकी रूप रेखा 15 सितंबर को होने वाली बैठक में तय किया जाएगा। साथ ही मांग रखी गयी कि सभी तरह के भाड़ा का भुगतान नगद में किया जाए। बैठक में लोडिंग एवं अनलोडिंग के नाम पर अत्यधिक खर्च को कम करने की मांग रखी गई। सभी ऑनरों को एक समान भाड़ा देने की मांग की गई।

## गोविंदपुर में 50 लोगों ने किया रक्तदान



कर्रा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सरस्वती शिशु मंदिर गोविंदपुर के शाखा मैदान में सोमवार को लायंस क्लब रांची यूथ और हिन्दू युवा वाहिनी गोविंदपुर के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के 50 महिला-पुरुषों ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं ने कहा कि रक्तदान महादान है। यदि हमारे खून से किसी का जीवन बच जाए, तो हमलोगों का जीवन सफल हो जाएगा।

# अजय सिंह हत्याकांड का खुलासा एक गिरफ्तार, दूसरा आरोपी फरार

आजाद सिपाही संवाददाता


**खूंटी।** तोरपा थाना क्षेत्र के बारकुली पंचायत के मनमनी जंगल के पास विगत सात सितंबर को गुमला जिले के बसिया थाना अंतर्गत लोटवा गांव निवासी अजय सिंह की हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए पुलिस ने सोमवार को एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। तोरपा थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि हत्याकंड में शामिल एक आरोपित उकड़ीमाड़ी पंचायत के जोगी सोसो गांव के पास में भ्रमनशील है। सूचना के सत्यापन के बाद एसआइ अकबर खान के नेतृत्व में एक टीम गठित कर जोगी सोसो से सुजीत आईद को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पुलिस ने बताया कि विगत छह सितंबर को करमा त्योहार के दौरान रात में जोगी सोसो के पास ही एक अखड़ा में अजय व सुजीत के साथ एक अन्य आरोपित के साथ बकझक हो गयी थी। तभी सुजीत और उसके दोस्त ने मिल कर अजय सिंह की इतनी बुरी तरह पिटाई की कि उसकी मौत हो गई। हत्या के बाद साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को रात में ही मनमनी जंगल के पास एक खेत में ले जाकर फेंक दिया। दूसरे दिन यानी सात सितंबर को खेत से शव बरामद हुआ। इधर, हत्याकांड में शामिल सुजीत का साथी फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय में पोषण माह अभियान की हुई शुरुआत



खलारी (आजाद सिपाही)। उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर ऊपर टोला में सोमवार को प्रधानाचार्य रंथू साहू के नेतृत्व में पोषण माह अभियान का आयोजन किया गया। इस मौके पर अभिभावक गुलाम अहमद और रुखसाना खातून के हाथों दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रधानाचार्य ने उपस्थित बच्चों एवं शिक्षकों को पोषण शपथ दिलायी। जिसके बाद उन्होंने इस माह में होने वाले दैनिक कार्यक्रमों की विवरणी को बताया। जिसमें प्रार्थना सभा के समय प्रतिदिन पोषण से संबंधित शपथ, वाद-विवाद, रैली का आयोजन, पोषण मेला, नुक्कड़ नाटक एवं चित्रकला, हेल्थ एक्टिविटी क्लब, पोषण उद्यान, जल संरक्षण एवं प्रबंधन, विज्ञान मेला, पीटीए, स्वयं प्रभा चैनल का अवलोकन, इ-क्विज, खेल का आयोजन, खेलो और पढ़ो, बाल वाटिका में नामांकन, रसोईया प्रदर्शन से संबंधित सारी जानकारियां दी। बताया कि इस पोषण माह में प्रतिदिन प्रार्थना सभा के समय शपथ और किसी एक कार्यक्रम को किया जाना है। जिसमें अभिभावक भी शामिल होंगे। वहीं पोषण से संबंधित बच्चों के बीच वाद-विवाद प्रतियोगिता करायी गयी। जिसमें ग्रुप ए बालिकाओं की टीम ने बाजी मारी। टीम में शामिल अक्शा परवीन, अनिशा कुमारी, प्रीति कुमारी, पूजा कुमारी, संजना कुमारी, चंचल कुमारी, छोटी कुमारी, माही कुमारी, सुलेखा कुमारी, लवली कुमारी, जिक्रा तंजील, जानवी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी और सकन्ति कुमारी का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक शिक्षक राजेश कुमार साहू, सुभाष उरांव और अरुण उरांव आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## जेइइ एडवांस में खलारी के शिवम सौरभ को मिली सफलता



खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी के शिवम सौरभ ने जेइइ एडवांस में सफलता हासिल की है। शिवम का ऑल इंडिया ओबीसी रैंक 7641 है। जेइइ मेन में उसे 98.03 परसेंटाइल मिला था। शिवम के पिता प्रभाकर प्रसाद खलारी डीएवी स्कूल में गैर शिक्षकेत्तर कर्मचारी हैं। वहीं मां सोनी कुमारी गृहणी हैं। शिवम दसवीं में 96.4 फीसदी अंक लाकर स्कूल टॉपर रहा है। 12वीं में उसे 95.8 फीसदी अंक मिले थे। वह अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता व शिक्षकों को देते हैं। शिवम की इस सफलता पर डीएवी के शिक्षकों सहित अन्य लोगों ने बधाई दी।

## मैकलुस्कीगंज में अपराधियों ने नकदी और मोबाइल लूटे

मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। लपरा चट्टी नदी कोलपारा निवासी विजय यादव और सन्नी राम से घर जाने के क्रम में बक्सी बंगला के पास दो लाख रुपये नगद और मोबाइल फोन अज्ञात अपराधियों ने मारपीट कर लूट लिए। विजय आधार कार्ड से पैसा ट्रांसफर करने की लपरा बुध बजार के पास दुकान है। विजय यादव ने बताया कि वह शाम सात बजे अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहा था। साथ में सन्नी राम भी था। तभी रेलवे लाइन के पास पीछे से एक बाइक सवार आए और बंदूक दिखा कर रोक दिया। तबतक पहले से घात लगाए बैठे उसके अन्य साथी ने लाठी से पिटाई शुरू कर दी। इसमें विजय व सन्नी का सिर फूट गया। दोनों का नर्सिंग होम में उपचार हुआ। पुलिस जांच में जुट गई है।

**थाने में प्राथमिकी दर्ज होने के बावजूद अब तक नहीं हुई किसी की गिरफ्तारी**

# पड़गांव आश्रम की घटना के विरोध में कर्रा में हिंदुओं ने बंद रखीं दुकानें

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** कर्रा प्रखंड के पड़गांव आश्रम की जमीन देखने आए आश्रम के दो संतों पर रविवार को आदिवासियों के एक समूह द्वारा जानलेवा हमला करने की घटना से नाराज हिंदुओं ने सोमवार को स्वेच्छा से अपनी दुकानें व प्रतिष्ठानों को बंद रखकर घटना का विरोध जताया। बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक हुई इस बंदी से आम लोगों को परेशानी का सामना पड़ा। पड़गांव आश्रम में रविवार को घटित घटना से हिंदूवादी संगठनों के लोगों में भारी रोष है। विहिप के जिला मंत्री वीरेंद्र सोनी ने घटना की तीव्र निंदा करते हुए कहा कि चर्च से जुड़े कुछ असामाजिक तत्व भोले-भाले आदिवासियों को बहकाकर 75 वर्ष पूर्व जरियागढ़ के तत्कालीन राजा ठाकुर महेंद्र नाथ शाहदेव द्वारा श्रीराम जानकी मंदिर के नाम पर दान में दी गई जमीन को जबरन हड़पने के प्रयास में जुटे हैं। रविवार की घटना इसी की परिणति है। यह तो गनीमत रही कि दोनों संत वहां से सुरक्षित भागने में सफल रहे, अन्यथा पालघर जैसी मॉब लिंचिंग की घटना हो सकती थी। उन्होंने पड़गांव के साथ ही जरियागढ़ के चांपी देवस्थल में उत्पन्न विवाद को ऐसी ही साजिश का हिस्सा बताते हुए सोनी ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों के ऐसे हथकंडे से क्षेत्र की सामाजिक समरसता को बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से ऐसे असामाजिक तत्वों पर अविलंब कठोर कार्रवाई करने की मांग की है, जिससे क्षेत्र में आपसी सौहार्द्र का माहौल बना रहे। ज्ञात हो को रविवार को कर्रा प्रखंड के पडगांव में आश्रम की जमीन देखने आए दो संतों के साथ ही जमीन की देखभाल करने वाले गांव के करमू महतो नामक ग्रामीण पर आदिवासियों के एक समूह ने अचानक हमला कर दिया था। इस घटना में करमू महतो के सिर और पैर में गंभीर चोट लगी है। वहीं अपने वाहन में बैठे दोनों संत किसी प्रकार जान बचाकर भागने में सफल हुए थे। भगने के दौरान हमलवारों ने संतों की गाड़ी पर भी हमला किया गया, जिससे उनका वाहन क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना के बाद रात में ही घायल करमू महतो के बयान पर कर्रा थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी है। समाचार लिखे जाने तक किसी गिरफ्तारी की सूचना नहीं है।



दुकानें बंद होने के बाद पसरा सन्नाटा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बहेरा में समारोह आयोजित कर पंचायत प्रतिनिधियों को किया गया सम्मानित



पिपरवार (आजाद सिपाही)। बहेरा पंचायत के राजधर गांव में कोयला व्यवस्था से जुड़ी कंपनी मेसर्स यास्मीन खातुन की ओर से समारोह आयोजित कर पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता पंसस बसंती देवी एवं संचालन वार्ड पार्षद पंकज दास ने किया। बतौर मुख्य अतिथि टंडवा प्रखंड प्रमुख रीना कुमारी के साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय कोलयरी मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना भी मौजूद थे। सभी प्रतिनिधियों को यासमीन खातुन ने अंग वस्त्र और पेन देकर सम्मानित की। इस दौरान बहेरा पंचायत की मूलभूत समस्याओं जैसे बिजली, पानी, रोड, रोजगार, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन और विकलांग पेंशन आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए इसके समाधान के लिए सीसीएल प्रबंधन को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। प्रखंड प्रमुख रीना कुमारी ने कहा कि क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को दूर करने की दिशा में जो भी आवश्यक कदम उठाना पड़े उठाये जायेंगें। इन सारी समस्याओं से बीडीओ और सीओ को अवगत कराया जाएगा। इस मौके पर वार्ड सदस्य पंकज दास, मुखिया प्रतिनिधि रमेश मुंडा, पुष्पा देवी, मोहम्मद फिरोज, परमेश्वर टाना भगत, वीरेंद्र उरांव, बिनोद कुमार, मोहम्मद सज्जल, पच्चु मियां, रविन्द्र उरांव, जोगेन्द्र उरांव और राजू उरांव आदि मौजूद थे।

### भारत जोड़ो अभियान को लेकर कांग्रेस की बैठक

खूंटी (आजाद सिपाही)। भारत जोड़ो अभियान को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में पार्टी के पदाधिकारियों, प्रखंड प्रभारियों, प्रखंड अध्यक्षों एवं अग्रणी संगठनों के अध्यक्षों की आवश्यक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राम कृष्णा चौधरी ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से निर्धारित भारत जोड़ो अभियान के तहत जिला स्तर पर बूथ कमेटी तक पहुंचकर देश की वर्तमान स्थिति, महंगाई और बेरोजगारी आदि मुद्दों को लेकर गहन चर्चा हुई। बैठक में भारत जोड़ो कार्यक्रम के जिला संयोजक नईमुद्दीन खान, जिला महासचिव पीटर मुंडू, जिला प्रवक्ता ओम प्रकाश मिश्रा, सच्चिदानंद चौधरी, सुनीता गोप, विनायक कुमार राय, शशि कुमार होरो, ताल्हा खान, बसंत सुरीन, रविकांत मिश्रा, विल्सन टोपनो, सयूम अंसारी, जमील अख्तर, रवि मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### भारत जोड़ो यात्रा के तहत युवा कांग्रेस ने निकाली रैली




खूंटी (आजाद सिपाही)। कांग्रेस द्वारा चलाये जा रहे भारत जोड़ो अभियान की शुरूआत सोमवार को की गई। जिसकी अध्यक्षता खूंटी जिला यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष कुणाल कमल कश्यप ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड युवा कांग्रेस प्रदेश प्रभारी दीनबंधु शर्मा, झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिजीत राज, पूर्व राष्ट्रीय सचिव युवा कांग्रेस वेद प्रकाश मिश्रा, खूंटी जिला सह प्रभारी रूबी कुजूर उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत डाक बंगला रोड से हुई। मौके पर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस और भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर खूंटी विधानसभा अध्यक्ष अरुण सांगा, खूंटी जिला युवा कांग्रेस सचिव सिब्लू खान, 20 सूत्री सदस्य सोहेल अंसारी, तोरपा प्रखंड अध्यक्ष माइकल खलखो, अरकम हुसैन, अर्जुन, गुरू, विजय, सौरव, शकील, अनीमा केरकेट्टा, मार्शल हेमरोम, नौशाद खान, अमित और कुलदीप आदि मौजूद थे।

### रोहिणी कार्यशाला में समारोह आयोजित कर विशाल शर्मा को दी गयी विदाई

डकरा (आजाद सिपाही)। सीसीएल एनके एरिया के रोहिणी कार्यशाला में सोमवार को सादा समारोह आयोजित कर कार्यपालक अभियंता विशाल शर्मा के कथारा क्षेत्र स्थानांतरण होने पर विदाई दी गई। समारोह की अध्यक्षता कर रहे पयहारी भगत ने कार्यपालक अभियंता विशाल शर्मा को एक मृदुभाषी व नेक व्यक्ति बताया। उन्होंने कहा कि विशाल शर्मा के स्थानांतरण हो जाने पर यहां के कर्मियों को उनकी कमी जरूर खलेगी। इस मौके पर संदीप कुमार, प्रियदर्शी, पयहारी भगत, आशीष कुमार, अभय नारायण राम, बालमुकुंद पांडे, रामदयाल राम, उमेश रजवार, गुलाम रसूल, निर्मल चौहान, सुरेश गंझु, अनिता कुमारी, रितिका कुमारी, लक्ष्मी देवी, मुन्नी देवी, भोली देवी, सीता देवी और सरस्वती देवी आदि मौजूद थे।

### केसीबी कॉलेज बेड़ो में इतिहास विभाग में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन



बेड़ो (आजाद सिपाही)। माता पिता व गुरु का सम्मान करना हमारा पुनीत कर्तव्य है। इनका स्थान सर्वोपरि होता है। जो बच्चे माता-पिता व गुरु का सम्मान करते हैं सफलता उनकी कदम चूमती है। उक्त बातें करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो में सोमवार को आयोजित शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान इतिहास विभाग के विद्वान शिक्षक प्रोफेसर मथुरा राम उस्ताद ने कही। शिक्षक दिवस सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन इतिहास विभाग के छात्रों के द्वारा आयोजित किया गया। जहां कार्यक्रम के पूर्व इतिहास विभाग के शिक्षकों का छात्रों ने चंदन तिलक कर स्वागत किया। जिसके बाद कार्यक्रम का विधिवत रूप से उद्घाटन इतिहास विभाग के शिक्षकों में प्रोफेसर मथुरा राम उस्ताद, प्रोफेसर इंद्रमोहन राय व डा अल्पना मेहता के द्वारा मां सरस्वती व सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्ण के चित्र दीप प्रज्वलित व पुष्पांजलि अर्पित कर उद्घाटन किया गया। इधर शिक्षक सम्मान कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने शिक्षकों को पुष्पगुच्छ देकर व शॉल उड़ाकर सम्मानित कर उपहार भेंट किया मौके पर कार्यक्रम को सफल बनाने में जूही कुमारी, मनीषा कुमारी, सुषमा कुमारी, हरि कुमार, विष्णु कुमार, नितेश कुमार, सतीश कुमार, राजू सिंह व अकाश रक्षित समेत कई छात्रों ने सराहनीय योगदान दिया।

## उपायुक्त ने एनएच-23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर चल रहे फोरलेन कार्य का किया निरीक्षण



**इटकी (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय राजमार्ग-23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर चल रहे फोरलेन कार्य का निरीक्षण सोमवार को उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने किया। इस दौरान उपायुक्त ने रैयतों से मिलकर अधिग्रहित भूमि का मुआवजा भुगतान में हो रही समस्याओं की जानकारी ली। उपायुक्त ने अधिकारियों को सभी प्रक्रिया को जल्द पूरा कर फोर लेन कार्य में तेजी लाने का निर्देश जारी किया है। बताते चलें कि पलमा गांव से गुमला तक दूसरे फेज के तहत रांची-गुमला मुख्य मार्ग में फोरलेन निर्माण कार्य चल रहा है। किन्तु संबंधित विभाग द्वारा रैयतों को अबतक मुआवजा भुगतान नहीं किया जा सका है। जिससे फोरलेन कार्य बाधित हो गया था। मौके पर सीओ रश्मि लकड़ा, बीडीओ गौतम प्रसाद साहू, बेड़ो सीओ सुमन तिर्की, सीआई जय केश्वर साहू के अलावा एनएच और भू-अर्जन के दर्जनों अधिकारी कर्मचारी शामिल थे।

## नवनियुक्त शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से की मुलाकात



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** नवनियुक्त शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर से मुलाकात की। इस दौरान शिक्षक नियुक्ति मामले मे कांग्रेस पार्टी के सकारात्मक सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष से सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के आलोक मे जो शिक्षक योगदान ले लिये हैं उन्हें यथावत रखते हुए मेरिट लिस्ट का प्रकाशन व नियुक्ति जल्द से जल्द कराने का निवेदन किया ताकि शिक्षक मानसिक रूप से तनावमुक्त होकर राज्य के विकास मे अपना योगदान दे सकें। प्रतिनिधिमंडल मे नवनियुक्त शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष समीर चैधरी, उपाध्यक्ष इबरार अहमद, मीडिया प्रभारी मो मोदस्सर, राकेश कुमार, प्रवीण कुमार, पंकज मेहता आदि शामिल थे।

## ईंट निर्माता संघ की आमसभा बूटी मोड़ में आज

**कांके (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश ईंट निर्माता संघ की आम सभा व बैठक बूटी मोड़ स्थित द रॉयल रिट्रीट होटल में 13 सितंबर को 11 बजे से होगी। संघ के महासचिव अभय नारायण तिवारी व सचिव अजीत राय चौधरी गोपाल ने बताया कि आम सभा में ऑल इंडिया ब्रिक्स एसोसिएशन व टीएमएफ के झारखंड यूपी प्रभारी रतन श्रीवास्तव हिस्सा लेंगे। झारखंड में ईंट निर्माताओं की चल रहे आंदोलन की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। वर्ष 2022-2023 में आहूत ईंट निर्माताओं की हड़ताल की भी समीक्षा की जाएगी और ईंट निर्माताओं के समस्याओं पर विस्तृत विचार विमर्श किया जाएगा। आम सभा में पूरे प्रदेश के जिला अध्यक्षों, सचिव, कार्यकारिणी सदस्यों से उपस्थित रहने की अपील भी की गई है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी को गिरफ्तार

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र निवासी पंद्रह वर्षीय एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। मामले को लेकर पीड़िता की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराये जाने के बाद पुलिस ने आरोपी चान्हो के पंडरी निवासी दानिश आलम को गिरफ़्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है। घटना चार दिन पूर्व शुक्रवार रात की है। प्राथमिकी के अनुसार दानिश आलम रात के करीब दो बजे लड़की के कमरे में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास करने लगा, इसी दौरान लड़की के चिल्लाने पर घर में सोये उसके पिता उठे तो वह वहां से भाग गया। इसके बाद सुबह करीब नौ बजे दानिश आलम पुनः उसके घर आ धमका और उसने रात की घटना के संबंध में किसी को नहीं बताने और बताने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। थाना प्रभारी विवेकानंद ने बताया कि दानिश आलम पर पोक्सो एक्ट भी लगाया गया है।

## हाथियों ने कई घरों को तोड़ा, फसलें की नष्ट

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड के दुआरसीनी गांव में आज रात जंगली हाथियों का झुंड आ धमका और धान की फसलों के साथ कई घरों को तोड़ कर तहस नहस कर दिया। बजरंगबली की मूर्ति को भी तोड़ दिया। रात को घरों के लोग गहरी नींद में सोये थे और हाथियों ने तोड़फोड़ शुरू कर दी। कई घरों में सोये लोग बाल-बाल बच गये। गांव के आंगनबाड़ी केन्द्र को क्षतिग्रस्त कर दिया। गाव के महीन पुरान, बसंती देवी, सुसेन माझी, सीधामणी देवी, सैनाथ पुरान, जगरनाथ पुरान के घरों को हाथियों ने तोड़ दिया। मुखिया प्रतिनिधि प्रताप सिंह मुंडा ने गांव में जाकर वस्तुस्थिति का जायजा लिया।

## शहीदों की प्रतिमा का अनावरण 28 को

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** मजदूर सेवा संगठन बुंडू की एक बैठक हुई जिसमें 28 सितंबर को भगत सिंह की जयंती पर शहीद क्रांतिकारी वीर चौक पर शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव की प्रतिमा का अनावरण करने का निर्णय लिया गया। मौके पर जीत मोहन ठाकुर, ताराचंद मुंडा, सूरज भगत, रंजीत मोदक, विष्णु चरण स्वासी, कैलाश हलवाई आदि मौजूद थे।

## सिंगपुर नर्सिंग होम को मिला बेहतर सेवा अवार्ड

**मुरी (आजाद सिपाही)।** मुरी स्थित सिंगपुर नर्सिंग होम के निदेशक डॉ रमेनश प्रसाद को रांची रेडिसन ब्लू में झारखंड सोशल एक्सीलेंट अवार्ड दिया गया। यह अवार्ड एक यूट्यूब चैनल द्वारा दिया गया। यह अवार्ड झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता एवं दीनबंधु महतो द्वारा दिया गया। यह अवार्ड डॉ रमेनश प्रसाद को सिल्ली मुरी के आसपास के क्षेत्र में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए दिया गया। श्री प्रसाद द्वारा इस क्षेत्र में इस नर्सिंग होम से सैंकड़ों गरीब लोगों का कम पैसे में इलाज कर बेहतर सेवा प्रदान किया है। यह अवार्ड मिलने से सिल्ली मुरी के आसपास के लोगों में खुशी की लहर देखी गयी।

## सिल्ली में जलापूर्ति ठप होने से लोग परेशान

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** पिछले दो महीने से टुटकी जलापूर्ति योजना बंद है लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे पूर्व तीन महीना पहले एक साल के बाद पानी लोगों को मिल सका था। नदी में पानी का धार दूसरे छोर चले जाने से इंटेक वेल पर पानी नहीं पहुंच रहा था जिसके कारण पानी सप्लाई बंद था। विधायक सुदेश महतो के प्रयास के बाद उसे काफी दिनों के बाद ठीक किया गया। परंतु पिछले दो माह से जलापूर्ति ठप है। इस योजना से लगभग पंद्रह सौ लोगों के घरों में पानी पहुंचता था। बरसात के दिनों में कुआं एवं चापाकल से गंदा पानी निकल रहा है। जिससे स्थानीय ग्रामीणों को पीने के पानी में काफी दूर से लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि विभाग से कई बार इसकी शिकायत की गई परंतु अब तक सुधार नहीं हो पाया है। विभाग के जेई जीत मोहन मुंडा से पूछे जाने पर ट्रांसफार्मर की खराबी के कारण जलापूर्ति ठप था परंतु विभाग को इसकी सूचना दे दी गई थी। इधर टुटकी मुखिया से पूछे जाने उन्होंने बताया कि ट्रांसफार्मर पहुंच गया है जल्द ही उसे लगाया जाएगा एवं ग्रामीणों के लिए पानी बहाल कर दी जाएगी।

**बैठक : चिलदाग पंचायत शक्ति केंद्र की बैठक में सेवा पखवाड़ा अभियान को सफल बनाने पर चर्चा**

# 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक होंगे कई सेवा कार्यक्रम

17 सितंबर को पीएम नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन मनाने, 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाने के साथ-साथ मन की बात भी सुनी जायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** प्रखंड के चिलदाग पंचायत शक्ति केन्द्र की बैठक सोमवार को चिलदाग गांव में हुई। पंचायत प्रभारी सुरेश महतो की उपस्थिति में हुई बैठक में आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित सेवा पखवाड़ा अभियान को सफल बनाने पर सभी बूथ प्रमुखों के साथ चर्चा की गई। कहा गया कि 17 सितंबर को पीएम नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन है, 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाने के साथ साथ मन की बात भी सुनी जायेगी।

वहीं 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के दिन भाजयुमो के द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित होगा। इस सेवा पखवाड़ा के दौरान, स्वच्छता अभियान, ब्लड डोनेशन आदि कई सेवा कार्यक्रम चलाये जायेंगे।

मौके पर मंडल अध्यक्ष, दुर्गा महतो, अगमलाल महतो, बीरसिंह नायक, मनोरंजन महतो, जितेन्द्र महतो, लखीराम मुण्डा, रामकुमार नायक, कुलदीप महतो, राम बैठा, सीताराम मुण्डा, सरोज महतो आदि उपस्थित थे।

## हटिया विधायक ने नगड़ी प्रखंड के साहेर पंचायत में चार योजनाओं का किया शिलान्यास

गांव का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता है : नवीन जायसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने सोमवार को नगड़ी प्रखंड के साहेर पंचायत में विधायक कोष से निर्माण होने वाली चार योजनाओं का शिलान्यास नारियल फोड़कर और शिलापट से कपड़ा हटाकर किया। इस अवसर पर साहेर के पलांडू गांव में पीसीसी पथ, डूमर टोली में सरना स्थल का सुंदरीकरण, जराटोली में श्मशान शेड का निर्माण और साहेर त्रिमूर्ति मंदिर के पास से जगदेव लोहरा के घर तक पीसीसी पथ का निर्माण होगा।

शिलान्यास के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते नवीन जायसवाल ने कहा गांव का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा आपकी कोई भी समस्या हो आप हमें सूचित करें। आपकी हर समस्याओं का निदान ही हमारी प्राथमिकता रहेगी।

मौके पर साहेर डोमटोली स्थित बंद पड़े जर्जर स्कूल भवन की मरमति करने को लेकर साहेर आजिविका मंडल की 33 महिला समितियों ने एक ज्ञापन सौंपा। शिलान्यास समारोह की अध्यक्षता पूर्व मुखिया संतोष तिर्की, संचालन सांसद प्रतिनिधि केदार महतो और धन्यवाद ज्ञापन भाजपा नेता नंदकिशोर महतो ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जेम्स बांड खलखो, दिलीप तिर्की, साहेर मुखिया परदेशिया उरांव, पंचायत समिति सदस्य गुलरेज अंसारी, उपमुखिया गुड्डू उरांव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य मधुबाला देवी, पूर्व उप मुखिया रमेश महतो, वार्ड पार्षद वर्षा तिर्की, उर्मीला बड़ाईक, मुन्नी तिर्की, अमृता देवी, बिंदिया शाहदेव, शिवशंकर नाथ शाहदेव, शंकर प्रजापति सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## साइबर अपराधियों ने ठगे 2800 रुपये

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के भांटबोड़ेया गांव निवासी सुमित कुमार ठाकुर नामक युवक सोमवार को साइबर ठगी का शिकार हुआ। जानकारी के अनुसार साइबर ठगों ने अपने आप को बाल विकास परियोजना कार्यालय बुढ़मू का कर्मी बताकर भुक्तभोगी युवक को फोन किया। फोन करने के बाद ठगों ने युवक से बच्चों के टीकाकरण के विषय में बात करते हुए सरकार से मिलने वाली सहयोग राशि मिलने का झांसा दिया। ठग द्वारा अनुदान राशि का झांसा देते हुए युवक के खाते से 2800 रुपये गायब कर लिया गया। मामले को लेकर भुक्तभोगी ने थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। मामले में बुढ़मू बीडीओ नम्रता जोशी ने कहा कि इस तरह के फोन प्रखंड कार्यालय से नहीं किये जाते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से ऐसे फोन कॉल के झांसे में नहीं आने की भी बात कही।

## बच्ची के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पलांडू में रहने वाली छह वर्षीय बच्ची के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बच्ची के गांव में ही रहने वाले एक युवक ने स्कूल छोड़ने के बहाने एक मकान में ले जाकर दुष्कर्म किया। बच्ची के परिजनों ने युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए नामकुम थाने में केस दर्ज करवाया है। बच्ची की मां ने बताया कि उनकी बेटी पलांडू स्थित एक प्राइवेट स्कूल की छात्रा है। वह हर रोज की तरह सुबह स्कूल जा रही थी। बारिश के कारण वह रास्ते में रुक गयी। इसी दौरान गांव का 25 वर्षीय युवक पौलूस तिर्की बच्ची को स्कूल छोड़ने के बहाने एक मकान ले जाकर दुष्कर्म किया। नामकुम थाना प्रभारी ने बताया कि छोटी बच्ची के साथ दुष्कर्म की बात सामने आयी है। जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## पिता की पुण्यतिथि पर गरीबों के बीच किया भोजन का वितरण




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता सह नामकुम के समाजसेवी राजू गोप की चौथी पुण्यतिथि पर उनके पुत्र अभिराज आनंद उर्फ अन्नी एवं भाई देवानंद गोप ने सोमवार को 51 गरीबों और असहायों के बीच भोजन के पैकेट का वितरण किया। नगर निगम के सफाई कर्मी, मंदिर के बाहर बैठे गरीबों एवं नामकुम रेलवे स्टेशन पर बैठे गरीबों के बीच भोजन पैकेट का वितरण किया गया। अभिराज ने बताया कि उनके पिताजी समाज के लिये हमेशा सोचा करते थे। इसी को लेकर उनकी पुण्यतिथि के मौके पर गरीबों एवं असहायों के बीच भोजन पैकेट वितरित किया गया। मौके पर पुत्र अभिराज आनंद, भाई देवानंद गोप, अनुराग गोप, मयंक गोप, अक्षीत यादव, काव्या वेदांश गोप एवं समस्त गोप परिवार शामिल हुए।

## दुर्गा पूजा रांची ग्रामीण कार्यकारिणी अध्यक्ष बने कमलेश बड़ाइक



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** शारदीय नवरात्र तथा दुर्गा पूजा को लेकर रांची महानगर के तत्वावधान में एक विशेष बैठक आयोजन किया गया। जिसमें समिति का विस्तार किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से नामकुम खरसीदाग में रहने वाले कमलेश बड़ाईक उर्फ मुन्ना को रांची ग्रामीण कार्यकारिणी अध्यक्ष बनाया गया है। कमलेश बड़ाईक को कार्यकारिणी अध्यक्ष बनाये जाने पर उन्होंने सम्मानित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए अपने दायित्व को इमानदारी पूर्वक निर्वहन करने की बात कही।

**बैठक : माकपा की जेनरल बॉडी मीटिंग में विस मैदान में राज्यस्तरीय रैली का निर्णय**

# केंद्र सरकार सार्वजनिक संपत्ति को बेचने पर आमादा है : सुफल महतो

राज्य कमेटी सदस्य सुरेश मुंडा ने रैली को ऐतिहासिक बनाने का किया आह्वान

आजाद सिपाही संवाददाता




**राहे।** माकपा की जेनरल बॉडी मीटिंग प्रजापति भवन में जयपाल मुंडा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में महंगाई, बेरोजगारी, निजीकरण, सुखाड़ के मुद्दों पर 20 सितंबर को विधानसभा मैदान में राज्यस्तरीय रैली की तैयारी का निर्णय लिया गया। मुख्य वक्ता के रूप में माकपा झारखंड राज्य सचिव मंडल सदस्य सुफल महतो ने कहा मोदी सरकार द्वारा देश में सर्वाधिक महंगाई, बेरोजगारी, निजीकरण, सुखाड़, स्थानीय नियोजन नीति मुद्दों पर माकपा 20 सितंबर को विशाल रैली करेगी। सरकार अडानी-अंबानी के हाथों देश की सार्वजनिक संपत्ति, रेलवे, बैंक, बीमा, कोल, सुरक्षा क्षेत्र को निजी क्षेत्र के हवाले करने पर आमादा है। राज्य कमेटी सदस्य सुरेश मुंडा ने 20 सितम्बर की रैली को ऐतिहासिक बनाने का आव्हान किया। राज्य कमिटी सदस्य सह पूर्व जिप सदस्य रंगोवती देवी ने कहा किरासन 18 रु. से 110 रु., गैस 400 रु. से 1100 रु., सरसों तेल 200 रु., पेट्रोल, डीजल सौ के पार हो गया है। महिलाओं पर सबसे ज्यादा हमला है।

मौके पर जिला कमिटी सदस्य अरूण महतो, अमर महती, दिवाकर मुंडा, रामधन मछुवा, विसंवर महतो, उमेश महतो, भुवनेश्वर मुंडा, पांडू मुंडा, सनातन मुंडा, सदानंद महतो, सत्येश्वर मुंडा, रामप्रसाद पातर, जयपाल मुंडा आदि शामिल थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## चान्हो प्रखंड के चोरेया पंचायत भवन में आधार सेवा केंद्र का उद्घाटन



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** चोरेया पंचायत भवन में आधार सेवा केन्द्र का उद्घाटन सोमवार को जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी, मुखिया रेखा सांगा, पंचायत समिति सदस्य सुषमा देवी, उप मुखिया सरिता देवी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर तिवारी ने कहा कि यह केन्द्र क्षेत्र के लिए बड़ी राहत है। अब आधार कार्ड सुधारने एवं नया बनाने के लिए कहीं दूर जाना नहीं पड़ेगा। यहां पर काफी दूर दराज से, छोटे-छोटे मुहल्ले से लोगों का आना-जाना रहता है। सेवा केन्द्र नहीं रहने के चलते लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। आधार सेवा केंद्र के संचालक मुकेश कुमार ने कहा आधार से संबंधित सभी त्रुटियों को निर्धारित शुल्क लेकर सुधारा जायेगा। इस कार्य के लिए केंद्र में हमेशा उपलब्ध रहेंगे।

## भारतीय किसान संघ की बैठक में 14 सितंबर के सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा

**बुढ़मू (आजाद सिपाही)।** भारतीय किसान संघ की बैठक सोमवार को बुढ़मू में चंदन कुमार यादव की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में 14 सितंबर को भारतीय किसान संघ का एक दिवसीय किसान सम्मेलन रांची जिला के बुढ़मू प्रखंड में आयोजित किया जा रहा है, जिसकी तैयारी के बारे में चर्चा की गई। सम्मेलन में मुख्य रूप से भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी एवं क्षेत्रीय संगठन मंत्री प्रकाश नारायण तिवारी और झारखंड प्रदेश संगठन मंत्री अचल जी शामिल होंगे। जिसमें भारतीय किसान संघ के रांची जिला के सभी प्रखंडों के कार्यकर्ता व किसानों को मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री दीपक उरांव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिवकुमार साहू, जिला मंत्री कमलेश मुंडा सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## क्षत्रिय महासभा की बैठक में राष्ट्रव्यापी रथ यात्रा को सफल बनाने पर चर्चा

**कांके (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्राम अरसंडे दुर्गा मंडप प्रांगण में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष विनय सिंह उर्फ बीनू सिंह की अध्यक्षता व कार्यकारी अध्यक्ष ललन सिंह की उपस्थिति में क्षत्रिय महासभा कांके इकाई की बैठक हुई। बैठक का संचालन नागेश्वर सिंह ने किया। बैठक में क्षत्रियों के देश प्रेम, सेवा, साहस त्याग व बलिदान पर चर्चा की गयी। एनके सिंह, बीनू सिंह, ललन सिंह व डॉ केके सिंह द्वारा समाज हित में विचार व्यक्त किया गया। 17 सितम्बर 2022 को रांची में क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीयव्यापी रथ यात्रा के सफल आयोजन हेतु सभी ने सहयोग करने का निर्णय लिया। बैठक में रामाकांत सिंह, नागेश्वर सिंह, सुनील सिंह, टीके सिंह, मुकुल सिंह, केके सिंह, पीएन सिंह, राकेश सिंह, महेश सिंह, राज सिंह व टीजीएन सिंह सहित दर्जनों सदस्य उपस्थित थे।

## एचडीएफसी व इंडसइंड एटीएम में चोरी

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के काठीटांड चौक स्थित एचडीएफसी व इंडसइंड एटीएम में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गये। घटना रविवार आधी रात की बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह व थानेदार आभाष कुमार घटना स्थल पहुंच जांच पड़ताल की। एफएसएल की टीम भी घटना स्थल का पड़ताल की। दो एटीएम से कितने रुपये की चोरी हुई इसकी जानकारी नहीं मिल पायी है। वहीं अपराधियों की पहचान के लिए पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## रातू संडे मार्केट से मोबाइल की छिनतई

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के संडे मार्किट से अपराधी एक युवक की मोबाइल छीनकर फरार हो गये। घटना रविवार की शाम की है। जानकारी के मुताबिक संडे मार्केट के रहने वाला महेश साव मार्केट में चौमिन की दुकान चलाता है। शाम को करीब 7 बजे वह अपने मोबाइल से किसी से बात कर रहा था, तभी पल्सर बाइक में सवार दो अपराधी उससे मोबाईल छिन झखराटांड़ की ओर फरार हो गये। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## महिला के गले से सोने की चेन की छिनतई

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के काठीटांड़ में भी पल्सर सवार दो अपराधी चेन छिनतई की घटना को अंजाम देकर फरार हो गये। जानकारी के मुताबिक सोमवार की सुबह एनएच-75 में मोर्निंग वॉक में निकली काठी टांड़ निवासी सुरेश चौधरी की पत्नी रेखा देवी के गले से अपराधी सोने की चेन छीनकर फरार हो गए। महिला द्वारा हल्ला करने पर मॉर्निंग वॉक कर रहे अन्य लोग जमा हुए तथा शोरगुल मचाया। खुद को घिरता देखकर उचक्के अपनी पल्सर बाइक जेएच01डीयू-2609 को छोड़कर फरार हो गये। थाना प्रभारी आभास कुमार ने घटनास्थल पहुंचकर मामले की छानबीन की। पुलिस मोटरसाइकिल को जब्त कर थाना ले आयी है।

## स्कूल में घुसकर आदिवासी युवतियों के साथ छेड़छाड़ मामले के चार आरोपी गिरफ्तार

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** शिक्षक दिवस के दिन मायापुर के मुस्लिम युवकों के द्वारा स्कूल में घुसकर आदिवासी युवतियों के साथ छेड़छाड़ और युवतियों और लिपिक को पिस्टल दिखा कर जान से मारने की धमकी देने वाले चार आरोपियों को ओरमांझी पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में फिरदौस अंसारी, मुंज्मील अंसारी, तौफीक अंसारी और जमील अंसारी शामिल हैं, जबकि एक और आरोपी सुहैल अंसारी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। ओरमांझी पुलिस ने बताया कि सुहैल भी बहुत जल्द पकड़ा जायेगा।

## प्रखंड कार्यालय में परामर्श और मार्गदर्शन समिति की बैठक आयोजित

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय में परामर्श व मार्गदर्शन समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख अनुपमा देवी ने की। बैठक में सभी लोगों ने एक स्वर में प्रखंड कार्यालय से भ्रष्टाचार खत्म करने की बात कही। इस पर प्रमुख को जल्द से जल्द संज्ञान लेते हुए बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी के साथ जन प्रतिनिधियों और प्रबुद्ध लोगों की बैठक बुलाने की मांग की गई। प्रमुख ने बैठक में लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जल्द ही अधिकारियों के साथ बैठक कर भ्रष्टाचार को ओरमांझी प्रखंड से दूर करने का प्रयास किया जायेगा। बैठक में प्रमुख अनुपमा देवी, उप प्रमुख रिजवान अंसारी, जिपपू ओरमांझी सरिता देवी, पूर्व प्रमुख चंपा देवी, पूर्व उप प्रमुख लालू उर्फ जयगोविंद साहू, पंसस शशि मिश्रा, पंसस प्रमिला उरांव, पंसस रश्मि रेखा मुंडा, पंसस मानसी कुमारी, पंसस संगीता देवी, प्रो. शैलेन्द्र मिश्र, कुदूस अंसारी, बालक पाहन, लक्ष्मण साहू, मोतीलाल महतो, सत्यनारायण तिवारी, भीम मुंडा, सत्य नारायण सिंह, बिनोद गुप्ता, दुर्गाशंकर साहू, सज्जाद अंसारी आदि उपस्थित थे।

